## संक्षिप्त

### 31 सामुदायिक शौचालय बनेंगे

**मालपुरा, (निसं)।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत मालपुरा पंचायत समिति क्षेत्र में 93 लाख रूपये की लागत से 31 सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के लिए जिला परिषद से स्वीकृति मिली है। प्रधान सकराम चौपडा ने बताया कि क्षेत्र की ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में लिये प्रस्तावों के आधार पर क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए बजट की मांग की गई थी। जिस पर स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जिला परिषद टोंक से बुधवार को क्षेत्र में 31 सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति जारी की गई। जिनसे प्रत्येक शौचालयों पर 3 लाख रुपये की राशि का व्यय होगा।

### शुलभ शौचालय बनवाने की मांग

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के मुख्य बाजार में दुकानदार व ग्रामीणों ने शुलभ शौचालय बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बाजार में दूर-दराज से आने वाले लोगों को शौच के लिए पुरुषोत्तम मार्केट से मुख्य बस स्टैण्ड के बीच में कही पर भी शुलभ शौचालय नहीं होने पर दुकानदार, महिला और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्य बाजार में ग्राम पंचायत से शुलभ शौचालय बनवाने की मांग की है। इधर सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए बस स्टैण्ड और पुरुषोत्तम मार्केट में सुविधाओं से युक्त शुलभ शौचालय बनाना प्रस्तावित है । जल्द निर्माण कार्य शुरू कर शुलभ शौचालय बनाया जायेगा।

### छात्रसंघ चुनाव करवाये जाने की मांग

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा निवासी एड. दिनेश कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन भेजकर राजस्थान में इस वर्ष छात्रसंघ चुनाव आयोजित करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश के विभिन्न विश्वविधालयों व महाविधालयों में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चलते विगत दो वर्षो से छात्रसंघ चुनाव आयोजित नहीं करवाये जा सके है। जबकि राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायती राज चुनाव आयोजित करवाये गये है। प्रदेश में वर्तमान में कोरोना का कोई खतरा नहीं है। ऐसे में छात्रसंघ चुनाव को लोकतंत्र की पहली सीढ़ी मानते हुए जल्द से जल्द चुनाव करवाये जाने की घोषणा करते हुए चुनाव की तारिखें भी जारी की जावें।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ 23 को

**श्रीमाधोपुर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल श्रीमाधोपुर की ओर से कस्बे में गत एक वर्ष से हर शनिवार को हनुमान भक्तों द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की कडी में 23 जुलाई शनिवार को 52 वां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ मंदिर श्री बड़ा बालाजी गौशाला बाजार में सायंकाल 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से कस्बावासियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने वार्ड में स्थित मंदिर परिसर में सामूहिक पाठ आयोजित करवाने के लिए सत्यनारायण सैन, विशाल बोहरा, व उमाशंकर ठठेरा से संपर्क कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**टोंक, (निसं)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान बुधवार को पीपलू पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत बगडी के दौरे पर रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत बगडी में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे मॉडल तालाब का निरीक्षण किया, जिसके कार्य को गुणवत्तापूर्ण वह जल्दी पूर्ण करवाए जाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से घर-घर संपर्क कर शीघ्र आवास शुरू करने तथा पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगडी का भी निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को भवन की मरम्मत हेतु स्वीकृति का प्रस्ताव भिजवाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके ग्राम पंचायत सरपंच श्योजीलाल खुवाल, पंचायत समिति विकास अधिकारी नरेंद्र जैन, सहायक अभियंता रामदयाल विजय, ग्राम विकास अधिकारी सचिन शर्मा, सहायक विकास अधिकारी प्रहलाद बैरवा, कनिष्ठ अभियंता मनीष शर्मा, पंचायत सहायक दशरथ सेन एवं निर्मल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रास्ता खुलवाने के लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में बुधवार को पालिका क्षेत्र के टोंक रोड मानव पीजी कॉलेज के पास स्थित मोडा की ढाणी निवासी महिला-पुरुषों ने एक व्यक्ति द्वारा आम रास्ते को अवैध रूप से दीवार निर्माण कर कर रोकने के खिलाफ नगर पालिका एवं उपखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर अपना पक्ष रखते हुए एसडीएम अशोक कुमार रिणवा को आम रास्ता खुलवाने की मांग का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्व रिकार्ड के अनुसार खसरा नंबर 2873

- **विरोध करने पर मारपीट, झगड़ा और धमकियां देने का आरोप लगाया**



**चाकसू में मोडा की ढाणी निवासी महिला-पुरुषों ने नगर पालिका एवं उपखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर आम रास्ता खुलवाने की मांग की।**

एवं 2875 में निवास कर रहे परिवारों का आम रास्ता खसरा नंबर 2841 के अंदर होकर मानव पीजी कॉलेज के पास होते हुए निकलता है जो राजस्व रिकार्ड में भी इंद्राज है। इसके अतिरिक्त ढाणी में जाने के लिए कोई और रास्ता मौजूद नहीं है जिसे अचानक उक्त मार्ग को केवलराम पुत्र भगवान सहाय शर्मा निवासी चाकसू ने विगत रात्रि को दीवार लगा कर बंद कर दिया जिससे आवागमन बाधित हो गया। विरोध करने पर मारपीट, झगड़ा और विभिन्न प्रकार की ऊंची पहुंच का हवाला देकर धमकियां देने लगा।

धरना प्रदर्शन में शामिल धर्मराज, अंकुश, किशन, रमेश, मनोज, रामेश्वर, माया, सूरज, शिमला सहित कई महिला पुरुषों ने राजस्थानी लहजे में दुखी मन से अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि आज भी हमारे बच्चे यहां दीवार से गिर गए अब वे स्कूल भी कैसे जा पाएंगे। हमारे कुएं का पानी खारा है जिसके लिए टैंकर मंगाकर आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है अब वह भी नहीं आ पाएगा। इसी भूमि पर हमारे देव स्थान भी हैं जिन का नामोनिशान मिटा दिया गया है। हमारे सभी के यहां नगर पालिका से पट्टा सुधा मकान है हम लोग जन्म से उपरोक्त रास्ते से आ जा रहे हैं जो राजस्व रिकॉर्ड में भी इंद्राज इसलिए ढाणी के निवासी महिलाओं एवं पुरुषों ने क्षेत्र के सक्षम अधिकारियों के सामने उपस्थित होकर आम रास्ता खुलवा कर समस्या का समाधान मांगा है। उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार रिणवा ने पीड़ित पक्ष को सुनते हुए पटवारी को मौके पर भेजकर रिपोर्ट देने एवं नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

## अपराधियों पर कार्रवाई की मांग

**पावटा, (निसं)।** व्यापार मंडल मेड द्वारा ग्राम में बढ़ रही चोरी, लूटपाट व आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए विराटनगर उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम मेड में आये दिन बढ़ रही चोरी व आपराधिक घटनाओं से जनता का पुलिस प्रशासन से भरोसा उठ गया है।

पूर्व में हुई चोरियों का भी अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस प्रशासन बिल्कुल विफल हो रहा है। पुलिस प्रशासन स्टाफ कम होने की दुहाई देता है। जिस पर व्यापारियों ने उच्च अधिकारियों से स्टाफ की पूर्ति करने व गश्त बढाने की मांग की है। वही पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा करने व चोरी, लूटपाट व आपराधिक घटनाओं पर लगाम कसने की मांग की। यदि पुलिस प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जाता है तो व्यापार मंडल व आम जनता द्वारा अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जायेगा।

वही उपखंड अधिकारी राज वीर सिंह ने व्यापारी वर्ग के लोगों से जागरूक होने की अपील की। वही पुलिस प्रशासन से बात कर ने चोरी की घटनाओं व लूटपाट की घटनाओं पर शीघ्र ही अंकुश लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष बंशीधर जाट, मनोज भामोदिया, मनोज ज्योतिषी, संतोष मोदी, शिवदान फागना, महेश यादव, भागीरथ मोदी सहित व्यापार मंडल के लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया



**टोंक, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अभियान 'बिल्डिंग द नेशन ग्रीन' के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग के सहयोग से न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिये एवं सभी को इस पुनीत कार्य के लिये प्रेरित करना चाहिये। विश्व पर्यावरण दिवस है, ऐसे मौके पर हम सभी को ऐसा प्रण लेना चाहिये जो आने वाली पीढियों को स्वच्छ वायु देने में मददगार हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार माह जुलाई में "बिल्डिंग द नेशन ग्रीन" अभियान के अन्तर्गत टोंक जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयों पर सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट समीक्षा गौतम, क्षेत्रीय वन अधिकारी विजयपाल मीणा, वनपाल सीताराम धोबी, विजय शर्मा एवं वनरक्षक कमलेश मीणा भी उपस्थित रहे।

### रास्ते में पानी भरने से ग्रामीण परेशान



**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में जोधपुरा रोड से कोलाहेडा रोड को जोड़ने वाले रास्ते पर इन दिनों पानी भरने से ग्रामीण और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण केसी यादव, रामजीलाल, कैलाश यादव, प्रहलाद, चुन्नी लाल, नरेश, महेश, भागीरथ प्रसाद, लालाराम ने बताया कि इस रास्ते को पक्का बनवाने के लिए कई बार ग्राम पंचायत सरपंच और जनप्रतिनिधियों को लिखित में दिया गया, लेकिन आज तक किसी के द्वारा इस रास्ते की सुध नहीं ली गई। इतना ही नहीं यह रास्ता 3 निजी और सरकारी स्कूल सहित कई ढाणियों को जोड़ता है। रास्ते में पानी भरने से स्कूल बच्चों को गंदे पानी से गुजरना पड़ता है । जिससे स्थानीय लोगो में प्रशासन और ग्राम पंचायत के प्रति रोष बना हुआ है । ग्रामीणों ने जल्द ख़राब रास्ते को सीसी सड़क बनवाने की मांग की है । इधर सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि रास्ते की समस्या है, बजट आते ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर उसे ठीक कराने का प्रयास किया जायेगा।

## नाली निर्माण व पेयजल सप्लाई की मांग

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकट स्थित ग्राम पंचायत काचरोदा क्षेत्र के स्थानीय निवासी विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझने को मजबूर हो रहे हैं। अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान देने के बजाय टाल-मटोल कर रहे हैं।

उक्त वाक्या पंचायत के वार्ड नम्बर 2 व 8 का है जहां पर वार्ड में नाली निर्माण व पेयजल सप्लाई की विकट समस्या है। गौरतलब है कि क्षेत्र में नालियों के अभाव में गंदा पानी रास्ते में फैल जाता है। जबकि बारिश के मौसम में तो यहां निवास करना ही दुश्वार हो जाता है। उपरोक्त समस्याओं से पंचायत के वार्डपंच, सरपंच एवं सचिव को कई बार अवगत करवाने के बावजूद उनकी समस्याओं का निराकरण करने के बजाय टाल-मटोल किया जा रहा है। वहीं उक्त समस्याओं को लेकर वार्ड वासियों ने जिला कलेक्टर को एक पत्र प्रेषित किया है। पत्र में बताया कि वार्ड की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई तो जनप्रतिनिधियों व अधिकारीयों ने कहा कि वार्ड-वाईज कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर वार्ड वासियों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारीयों पर हठधर्मीता का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि वार्ड वाईज ही कार्य किया जा रहा है तो वार्ड नम्बर 2 व 8 को क्यों छोड़ा जा रहा सभी वार्डों में समान रूप से कार्य किया जाना चाहिए। वहीं पत्र में आगे बताया कि वार्ड में ना ही तो नाली का निर्माण किया जा रहा है, और ना ही पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में वासियों ने बताया कि पेयजल सप्लाई की समस्या को लेकर सचिव से बात की गई तो जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता से बात करने के लिए कहा गया। जबकि जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता से बात की जाती है तो वहां से जवाब मिलता है कि यह एरिया काचरोदा पंचायत समिति का है। अतः सरपंच ही इसका समाधान करेंगे।

## जिला प्रमुख ने वृक्षारोपण के निर्देश दिये

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रमुख सरोज बंसल की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुड़े कामों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

जिला प्रमुख ने अधीक्षण अभियंता आर. के. सिंह एवं अधिशासी अभियंता दीन मोहम्मद के साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग की सड़कों की प्रगति, वृक्षारोपण तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के रोड के दोनों रोड साइड पर उग रहे विलायती बबूलों को हटवाने के संबंध में चर्चा करते हुये कार्रवाही के निर्देश दिये। जिला प्रमुख ने कहा कि गांव में जहां भी सार्वजनिक निर्माण विभाग के रोड है, उनके दोनों और एंट्री प्वाइंट पार्क व एक किलोमीटर तक वृक्षारोपण करवाया जावे। जिला प्रमुख ने पलाई, उनियारा, नगरफोर्ट, सोनवा से नगरफोर्ट होते हुए नैनवा तक नगरफोर्ट रोड पर बनी हुई पुलिया को



**जिला प्रमुख सरोज बंसल ( बाएं ) की अध्यक्षता में सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुड़े कामों को लेकर बैठक का आयोजन किया।**

ऊंचा उठाने, नगरफोर्ट मांडकलां पर सीसी रोड बनवाने एवं नगरफोर्ट बस स्टैंड पर बनी हुई पुलिया में पाईप डलवाने के निर्देश देते हुये करवाए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरारी लाल शर्मा, जिला परिषद सदस्य लवेश मीणा एवं संपत महुआ भी उपस्थित रहे।

तत्पश्चात जिला प्रमुख सरोज बंसल ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के लाइजनिंग ऑफिसर मोहित झा के साथ राष्ट्रीय मार्ग पर व्याप्त विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की।

### 115वां स्थापना दिवस मनाया



**मालपुरा, (निसं)।** बैंक ऑफ बडोदा की विभिन्न शाखाओं ने बुधवार को बैंक का 115वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मना केक काट विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। बैंक के स्थापना दिवस पर लावा विद्यालय में शाखा प्रबंधक द्वारा स्कूल बैग व शिक्षण सामग्री वितरित की गई। राजपुरा विद्यालय में मालपुरा बैंक शाखा प्रबंधक रामसिंह मीणा, बैंकमित्र हनुमान शर्मा ने विधार्थियों को बैंक की कार्यप्रणाली से अवगत करवा विद्यालय परिवार को 7 छत के पंखे भेंट किये। विद्यालय प्रधानाचार्य जगदीश बंसल, पुस्तकालय अध्यक्ष मो. इस्लाम नकवी ने बैंक प्रबंधक का स्वागत किया। वही राउप्रावि खेडा मलुकानगर में बैंक प्रबंधक हेमन्त कुमार ने शाला परिवार को चार पंखे व विधार्थियों को स्टेशनरी वितरण किये।

## 'निःशुल्क दवा एवं जांच योजना का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें'

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में बुधवार को बीसीएमओ डॉ. रामनिवास यादव के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन हुआ।

आरसीएचओ डॉ. अमन माथुर ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं टीकाकरण, एएनसी पंजीकरण, पीएनसी, पीपीआईयूसीडी, डिलेवरी की तथ्यात्मक डाटा लाईनलिस्ट की कार्मिकों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने लाईनलिस्ट के अधुरे कार्य व कमी को दूर करने के लिए समाधान के तरीके भी बताये। वहीं उपस्वास्थ्य केन्द्र की प्रसाविका व सीएचओ जिनका कार्य बकाया है उनको आगामी तीन दिवस में कार्य पूर्ण करके रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये। जिससे

- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक में बीसीएमओ डॉ. रामनिवास ने ये निर्देश दिये**

आगामी दिनों में होने वाली सैक्टर मीटिंग में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहे। बीसीएमओ डॉ. रामनिवास यादव ने राज्य सरकार के आदेशों की पालना एवं सीएमएचओ डॉ. नरोत्तम शर्मा के निर्देशन में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने मौसमी बीमारियों व राज्य सरकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर सभी संस्थाओं को सचेत रहकर अच्छी सेवाएं देने के लिए भी प्रेरित किया। एनक्वास क्वालिटी सैल के सदस्य सुबेसिंह यादव एवं डॉ. विनोद शर्मा द्वारा एनक्वास के तहत क्वालिटी चौक लिस्ट के संबंध में चयनित संस्थाओं के कार्मिकों को चौक प्वाईंट पर कार्य करने के निर्देश दिये गये। जिससे संस्थाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके एवं केन्द्र व राज्य सरकार के कायाकल्प एवं एनक्वास में सर्टिफाईड संस्था का दर्जा मिल सकें। इस दौरान बीपीएम विजय तिवाड़ी, लेखाकार महेन्द्र कुमार स्वामी, बीएनओ प्रेमप्रकाश सैनी, संगणक विष्णु मीना, डॉ. हरि यादव, डॉ. आशीष सिंह शेखावत, डॉ. बिजेय यादव, डॉ. रवि चौधरी, डॉ. राहुल शर्मा समेत सीएचसी व पीएचसी के चिकित्सक, एएनएम, सीएचओ व डीईओ आदि मौजूद रहे।

## 'हजारों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर विरोध जताएंगे'

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार को मुंहतोड जवाब देने एवं सरकारी एजेन्सियों का दुरूपयोग करने के मामले को लेकर देशभर की जनता में गहरा आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को नेशनल हेराल्ड से जुडे मामले को लेकर गुरूवार को ईडी द्वारा बुलाये जाने के विरोध में अलवर जिले से गांधी परिवार के समर्थन तथा केन्द्र सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के नेतृत्व में अलवर ग्रामीण विधानसभा सहित जिलेभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर विरोध जताएंगे। उन्होंने कहा कि ईडी के सामने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की पेशी के वक्त

- **मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि अलवर जिले से कार्यकर्ता जायेंगे**

कांग्रेस ने देशभर में सत्याग्रह के माध्यम से एक स्वर में आवाज बुलंद की थी। देश में बढती अराजकता, महंगाई से घट रहे अपने जनाधार के मुद्दे से जनता को भटकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के खिलाफ असफल होने वाली नई-नई साजिशे रच रही है। सभी मोर्चों पर पूरी तरह से फेलियर साबित हुई केन्द्र सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने में पूरी तरह विफल साबित होने से छटपटा रही है। देश को गुमराह करने तथा कांग्रेस पार्टी के लोकप्रियता को कम करने के उद्देश्य से तुच्छ राजनीति की घिनौनी साजिश रची जा रही है।

### 31 यूनिट रक्त एकत्रित

**टोंक, (निसं)।** स्व. आनंदपाल सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को सर्व समाज एवं रावणा राजपूत समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सवाई माधोपुर चौराहा स्थित विजयवर्गीय धर्मशाला किया गया। श्री राष्ट्रीय चामुंडा सेना संस्था के जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह चौहान ने बताया कि आनंदपाल सिंह सांवराद एवं बलवीर बानुडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सर्व समाज एवं रावणा राजपूत युवा शक्ति संगठन श्रीराष्ट्रीय चामुंडा सेना द्वारा रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व समाज के युवाओं ने रक्तदान किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि आनंदपाल सिंह सांवराद के छोटे भाई मंजीत पाल सिंह सांवराद सहित समाज के कई युवा मौजूद थे। समाज के लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित कर सआदत अस्पताल स्थित लेबोरेटरी को समर्पित किया गया। शिविर को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा।

# श्मशान के रास्ते में किये गए अतिक्रमण को हटाया

**पावटा, (निसं)।** पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के श्मशान मार्ग में गांव के ही कुछ लोगों द्वारा श्मशान जाने के रास्ते में रूडी, कचरा डाल कर रास्ता बंद कर दिया गया था।

विवाद को लेकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों ने कोटपुतली

- **5 फीट गहरा 20 फीट गोलाकार गड्ढा खोद रास्ते को बंद कर दिया था**



**प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाकर रास्ते को चालू करवाया।**

एडीएम जगदीश आर्य व पुलिस उपाधिक्षक संध्या यादव को ज्ञापन सौंप श्मशान के रास्ते को खुलवाने की मांग की थी। जिस पर पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव पावटा तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर पटवारी रामनिवास यादव, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने मय जाप्ता मौके पर पहुंचकर ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान सरपंच प्रेमनाथ महाराज व ग्रामीणों की मौजूदगी में जेसीबी की सहायता से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के श्मशान मार्ग में अतिक्रमियों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाकर रास्ते को दुरुस्त करवाया गया।

वहीं गौरतलब है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के श्मशान के रास्ते पर कुछ दबंगो द्वारा उक्त रास्ते में एक करीब 5 फीट गहरा 20 फीट गोलाकार गड्ढा खोद देने के कारण उक्त रास्ता बंद कर दिया गया है। जब मोहल्ले वासी उक्त गड्ढे को मिट्टी से भरने के लिए गए तो दबंगों ने सभी मोहल्लेवासियों से गाली गलौज करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी। जिसको लेकर अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों ने उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंप उक्त प्रकरण में उचित कार्रवाई कर गरीब जनता को न्याय दिलवाने की मांग की थी।

## स्कूल बस की टक्कर से अध्यापक घायल

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के नारनौल रोड पर सुबह 7:15 बजे बहरोड़ के एसीएल निजी विद्यालय के ड्राइवर ने सरकारी अध्यापक कृष्ण सिंह राघव जो भगू का बास रायली राजकीय विद्यालय में ड्यूटी जाते को छात्रों से भरी बस को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारकर घायल कर दिया।

अध्यापक के सीने, घुटने, हाथ व टखने में गंभीर चोट आई जिन्हे बहरोड़ के राजकीय चिकित्सालय में जाकर सीने का एक्सरे करवाया तथा पुलिस थाने में जाकर शिकायत की। इस दौरान अध्यापक ने बताया कि एसीएल स्कूल के अमित यादव को थाने में बुलाकर सख्त निर्देश दिए गए कि इस तरीके की लापरवाही से बस चलाने वाले ड्राइवरों को अभिभावकों तथा संस्था के विद्यार्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने की स्थिति में सख्त कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि बहरोड़ के विद्यालयों के संस्थापक अनट्रेंड तथा लापरवाह चालकों को कम तनख्वाह में काम चलाने के चक्कर में अभिभावकों तथा बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करने की लापरवाही की जा रही है।

### सांख्यिकी कार्यालय में पौधारोपण किया

**चाकसू, (निसं)।** बुधवार को पंचायत समिति परिसर में स्थित सांख्यिकी विभाग कार्यालय के सामने ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय चाकसू के ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी डॉ. दीपेश कंवर, सरताज, राजेश, राम खिलाड़ी व समस्त राजीव गांधी युवा मित्र ने मिलकर वृक्षारोपण किया। इस दौरान कार्यालय कर्मियों ने आमजन को वृक्षारोपण के लिए जागरूक करने की शपथ ली और शीशम,नीम, अशोक आदि के छायादार वृक्ष का वृक्षारोपण किया। उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की सार-संभाल, सुरक्षा एवं संवर्धन का भी दायित्व दिया। बरसात के दिनों में सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के लिए अपने अपने परिसर में पौधरोपण करने के लिए यह शुभ संदेश माना जा सकता है ।

### छात्रा स्कूटी योजना के आवेदन 31 अगस्त तक

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा विमुक्त, घुमन्तु व अर्द्ध घुमन्तु वर्ग की छात्राओं के लिए काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल खोला गया है। राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविधालय के प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार शर्मा ने बताया कि महाविधालय में सत्र 2021-22 में अध्ययनरत उक्त वर्गो की छात्रायें आगामी 31 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन जमा करवाकर राज्य सरकार की योजना का लाभ उठा सकती है।